बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए वयस्क मानसिकता में बदलाव लाना जरुरी : निलिमा सिंह

कोटा, (निसं)। बाल विवाह एवं बाल संरक्षण मुद्दों पर समझ बनाने एवं संयुक्त कार्यवाही हेतु कार्ययोजना निर्माण को लेकर कोटा संभाग के सेवा प्रदाताओं एवं युवाओं के साथ शिव शिक्षा समिति रानोली यूनिसेफ एवं कोटा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान मे एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की शुरुआत मे शिव शिक्षा समिति रानोली सचिव शिवजीराम यादव ने बताया की संस्था यूनिसेफ के सहयोग से राजस्थान के सभी जिलों मे बाल संरक्षण मुद्दो पर युवाओं विशेषकर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरु युवा केन्द्र स्वंयसेवकों के क्षमता निर्माण हेतु युवा पहल नामक परियोजना का संचालन किया जा रहा है इस परियोजना के तहत संभाग स्तर पर बाल संरक्षण तंत्रों के साथ मिलकर कार्ययोजना निर्माण एवं उसके क्रियान्वयन पर कार्य किया जा रहा है। कोटा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ॰ सौरभ दलेला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बाल मैत्रीपूर्ण कोटा एवं बाल विवाह, बाल श्रम मुक्त कोटा की परिकल्पना को साकार करने की बात कही।

कोटा विश्वविद्यालय की कुलपति निलिमा सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया की बच्चें को जीवन जीने के अवसरों से दूर करना नाइंसाफी होगी। जब बच्चें को दुनिया मे लाते है जो हम सब की जिम्मेदारी है कि उसे पूर्ण सुरक्षा, विकास, संरक्षण के अवसर प्रदान करे। उसे अनदेखा ना करे। बाल विवाह हो रहे है, ढाबों पर बाल श्रम हो रहा है बच्चों को हिंसा से बचाव के लिए कानून है किन्तु इन सब के लिए जिम्मेदार है व्यस्क मानसिकता, इस मानसिकता मे बदलाव लाने के लिए काम करने व कानून बनाने की आवश्यकता है इस कार्यशाला से सकारात्मक सदेंश ले जाने एवं से प्रसारित करने की बात कही।

इसके बाद तकनीकि सत्र मे बाल संरक्षण अधिकारी यूनिसेफ मन्ना विश्वास ने बच्चें की परिभाषा स्पष्ट करते हुए बाल अधिकार और संरक्षण विषय पर र्च्चा की साथ ही बाल संरक्षण मुद्दों मे युवा भागीदारी एवं भूमिका बताते हुए बाल संरक्षण से जुड़े मुख्य तंत्र एवं योजनाओं की जानकारी दी। बाल सन्दर्भ केन्द्र जयपुर से सन्दर्भ व्यक्ति राजकुमार पालीवाल ने किशोर न्याय अधिनियम, बालकों का लैगिगं अपराधों से सरंक्षण अधिनियम 2012, बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनिमियम अधिनियम 1986, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के मुख्य प्रावधानों पर जानकारी प्रदान करते हुए बाल संरक्षण से जुड़े जिला व राज्य स्तरीय तंत्रों की जानकारी दी।

यज्ञदत हाड़ा, बाल कल्याण समिति सदस्य एवं शिवजीराम यादव ने खुले सत्र के माध्यम से बाल संरक्षण मे युवाओं की सकारात्मक भुमिका, किशोरियों से जुड़े मुद्दे, स्कूल के आस-पास की संभावित चुनौतिया एवं समुदाय की भूमिका पर कार्ययोजना तैयार की गई। कार्यशाला के दौरान विश्वविद्यालय से डॉ॰अनुक्रति शर्मा, प्रज्ञा धीर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ओमप्रकाष तोषनीवाल, जिला पूर्नवास अधिकारी भगवान सहाय, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष कनीज फातिमा, सदस्य अरुण भार्गव व मधुबाला शर्मा एवं नेहरु युवा केन्द्र स्वयंसेवक, गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

स्व. कोमल धारीवाल की स्मृति में पौधारोपण किया

कोटा, (निसं)। स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल की धर्मपत्नी स्व. कोमल धारीवाल की सप्तम पुण्य तिथि के अवसर पर शहर भर में विभिन्न तरीकों से सेवा कार्य कर उनका स्मरण किया गया।

इसी क्रम में युवा कांग्रेस नेता व समाजसेवी कपिल रजवानिया के नेतृत्व में रिद्धी सिद्धी नगर प्रथम में स्व. कोमल धारीवाल की स्मृति में वातावरण की शुद्धता एवं धरा को हरा भरा बनाने की दृष्टि से सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया। इस मौके पर युवा कांग्रेस नेता कपिल रजवानिया सहित रिद्धी सिद्धी नगर प्रथम के अध्यक्ष अरविन्द जैन, गणपति आवास कॉलोनी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह हाड़ा, कांग्रेस नेता दिनेश मीणा, आर्यन जैन, राहुल, शुभम टेलर आदि कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। स्व. कोमल धारीवाल की स्मृति में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाये गये।

सार-समाचार

विद्यार्थियों को स्तनपान का महत्व बताया

कोटा, (निसं)। श्री गिर्राज शिक्षण एवं जन कल्याण समिति द्वारा संचालित जायसवाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग रानपुर कोटा में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। संस्था द्वारा स्तनपान की महत्वता के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया गया वहीं नर्सिंग स्टूडेंट ने रानपुर गांव में जाकर महिलाओं को जागरूक किया साथ ही छात्रों द्वारा पेपर प्रेजेंटेशन पोस्टर एवं सेमिनार द्वारा प्रशिक्षित किया गया। मीडिया प्रभारी भूपेंद्र नागर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रानपुर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. शेफाली शर्मा व कॉलेज प्राचार्य रफीक कुरैशी द्वारा किया गया। डॉ. शेफाली शर्मा द्वारा स्तनपान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि मां का दूध बच्चों के लिए अमृत समान होता है, साथ ही मां को भी कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। कार्यक्रम में कॉलेज के जगमोहन नागर, फिरोज मंसूरी परमेंद्र सोनी, मधुसूदन, गोपाल, रिचू जैकब, अनिला थॉमस, एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

व्यवसायिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

कोटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर व्यवसायिक प्रकोष्ठ के कोटा जिला संयोजक अनिल तिवारी ने व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम अग्रवाल एवं कोटा शहर जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक बादल की सहमति से कोटा के व्यवसायिक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित की। जिसमे सहसंयोजक गौरव सोनी, सोनिया राठौर को एवं धर्मेंद्र दीक्षित, सीए आशीष व्यास, अवधेश सोनी, राकेश शर्मा, रमेश गोस्वामी, मनीष अधलखा , शैलेंद्र महाराजा, सागर भाटी, अनिल इसरानी, भूपेंद्र कुमार शर्मा, भवानी शंकर को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किये गये है। संयोजक अनिल तिवारी ने बताया की शीघ्र ही कोटा शहर के भाजपा के सभी चौदह मंडलो के मण्डल संयोजक सहसंयोजक और मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

ख्वाजा की महाना छठी मनाई

कोटा, (निसं)। दरगाह जंगली शाह परिसर में मोहर्रम पर सूफी हाजी मोहम्मद रमजान के आस्ताने पर ख्वाजा की महाना छठी शरीफ का लंगर व चादर पेश की गई। इमरान खान ने बताया की सुबह 10 बजे कुरान ख्वानी मिलाद शरीफ हुई शाम को कलामों के साथ चादर पेश की शाम 7 बजे छठी शरीफ का लंगर के बाद लोगों ने अकीदत के फूल पेश किए बाद मुल्क में अमन शांति की दुआएं की गई। इमरान खान ने बताया की इस कार्यक्रम में गद्दी नशीन मंगू भाई के पगड़ी बानी गई शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए हाजी अब्दुल रशीद जावा, महमूद खान, हाजी नसरुदीन घोसी, सलीम रहमानी, गुलाम जिलानी, आरिफ हुसैन, सलीम खान, नजीर, शफात, नजीर, अब्दुल वहीद, मौलाना गुलाम रबाना, मोहम्मद शाहिद, सदाकत हुसैन, मुहम्मद इदरीस, वसीम खान, मोहम्मद अय्यूब, अकील, पप्पू, सलीम मंसूरी, आदि मौजूद रहे।

गर्भवती महिलाओं का चिन्हित किया

कोटा, (निसं)। संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर संचालित सुपोषित मां अभियान के द्वितीय चरण के लिए जिले के ग्रामीण अंचलों में गर्भवती महिलाओं को चयनित किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता आशा त्रिवेदी ने बताया कि शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र के लाडपुरा, ताथेड़, मंडाना व कैथून, शुक्रवार को रामगंजमंडी, सुकेत, चेचट, ढाबादेह और खैराबाद में शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर अभियान के लिए उनका चयन किया गया। त्रिवेदी ने बताया कि सुपोषित मां अभियान के तहत कोटा और बूंदी में 3000 महिलाओं को सुपोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर चयन करने के बाद इन्हें 9 माह तक पोषण किट उपलब्ध की जा रही है। शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता चंचल राठौड़, सपना त्रिपाठी, प्रिया आदि मौजूद रही।

दिनेश विजय ने अपने 60वें जन्मदिन पर 60 नए डोनर्स के साथ रक्तदान किया

■ जन्मदिवस पर नेगेटिव व पॉजिटिव डोनर्स ने बराबर रक्तदान किया

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष व मां भारती जन कल्याण चेरिटेबल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष दिनेश विजय के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर लगाया गया।

दिनेश विजय का 60वां जन्मदिवस महत्वपूर्ण रहा, जिसमें 60 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें से 30 यूनिट नेगेटिव व 30 यूनिट पॉजिटिव रक्तदान किया गया। पहले से ही सूचीबद्ध किए जाने से इस तरह का रक्तदान शिविर सम्पन्न किया गया। टीम जीवनदाता के संस्थापक संयोजक व लायंस क्लब के रीजनल चेयरमैन भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कोटा शहर में नगेटिव ब्लड ग्रुप की कमी चली आ रही थी, ऐसे में लोगों की सूची बनाई गई और नेगेटिव डोनर्स को एकत्रित कर इस तरह का रक्तदान किया गया। इस अवसर पर मां भारती नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने रक्तदान का महत्व जाना और 18 वर्ष पूर्ण होने पर रक्तदान करने का संकल्प लिया। दिनेश विजय ने कहा कि परिवार ने संकल्प लिया कि आने वाले जन्मदिवस परिवार में दिवंगतों की पुण्यतिथि व शादी की वर्षगांठ पर भी ऐसे ही आयोजन किए जाएंगे। शिविर संयोजक वर्षित विजय ने बताया कि रक्तदान शिविर आगे भी निरंतर लगाए जाएंगे ताकी जो कमी चल रही है उसे दूर किया जा सके।

रक्तदान करने वालो में राजकुमार सेन, लोकेश सामरिया, हर्ष सोनी, कुणाल राजपूत चक्षु जोशी समेत 60 नए डोनर्स उपस्थित थे। इस अवसर पर लायंस क्लब कोटा शक्ति की संरक्षक पुष्पांजलि विजय, पूर्व प्रांतपाल पूर्णिमा खंडेलवाल, अध्यक्ष स्वर्णा गुप्ता, सचिव अल्का जैन व कोषाध्यक्ष मीना अग्रवाल, महावीर नगर क्षेत्र पार्षद सुनील गौतम, वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष मुकेश विजय, मां भारती नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य मंथन तिवारी, व्याख्याता मनीष जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने नगर निगम कोटा उत्तर के वार्ड 18 में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नयानोहरा में पौधारोपण किया तथा विद्यालय में दो कक्षा कक्ष निर्माण एवं वाटर कूलर लगाने हेतु विधायक कोष से 10 लाख रुपये की घोषणा की। लाडपुरा विधायक ने बताया कि विद्यालय में छात्रों की संख्या के अनुसार कक्षा कक्ष नहीं होने पर प्रधानाचार्य एवं लोगों की मांग पर 2 कक्षा कक्ष का निर्माण एवं वाटर कूलर लगाने हेतु विधायक कोष से 10 लाख रूपये की घोषणा की। विधायक के साथ पार्षद देवेन्द्र शर्मा, ओम मालव, धन्नालाल रानीवाल, पृथ्वीराज लश्करी, इकबाल सिंह बरार, बिरधीलाल गोस्वामी, राधेश्याम मेघवाल, हेमराज रैगर, बाबूलाल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खोया-पाया

मेरे आवास नं. 3/483 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा के मूल दस्तावेज में रजिस्ट्रेशन राशि का चालान रसीद व सीट मनी लेटर तथा सीट मनी की रसीद इधर उधर कही रास्ते में गुम हो गये है। जिस किसी को मिले सूचित करें।
पता-मोहनलाल मेहरा, 3/483 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा
मो. 8963064719

पश्चिम मध्य रेल्वे
वाणिज्य विभाग

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल निम्न कार्य 57-2022 दिनांक 04.08.2022 के लिए ई-निविदा आमन्त्रित करते है । निविदा खुलने की तारीख 05.09.2022 एवं समय 15:30 बजे निर्धारित है । इस निविदा में किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा । **निविदा संख्या:** 57-2022 Dt. 04.08.2022, **कार्य का नाम :**पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के जुल्मी स्टेशन पर रेलवे भूमि पर गति शक्ति मल्टी मोडल कार्गो पालिसी 2021 के तहत लोडिंग/अनलोडिंग सुविधाओं और संबंधित वुनियादी ढ़ांचे के निर्माण और रखरखाव का कार्य के लिए आवंटित करने हेतु । **कार्य की अनुमानित लागत रु.:** 311140465.54, **बयाना राशि रु.:** 27209600/-, **निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तारीख व समय:** 05.09.2022 को 15:00 बजे । निविदाता/बोलीदाता के पास कक्षा III डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है व **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर पंजीकरण होना चाहिए । केवल पंजीकृत निविदाता/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते है सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय निविदाता द्वारा अपलोड किया जाना चाहिए । इस निविदा की पूर्ण जानकारी व दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध है ।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल्वे, कोटा

कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 4-जे-2 महावीर नगर तृतीय कोटा पर घनश्याम धाकड पुत्र सोहनलाल के द्वारा एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड से ऋण (ऋण खाता संख्या 607094876, 607107958) प्राप्त किया गया था। उनके द्वारा अपनी मिल्कियत आवास संख्या 4-जे-2 महावीर नगर तृतीय कोटा के असल दस्तावेजात एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड में रहन रखे हुए है। घनश्याम धाकड की दिनांक 20.05.2021 को मृत्यु हो चुकी है तथा उक्त सम्पत्ति के पेटे लिए हुए ऋण की पूर्ण अदायगी एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड को की जा चुकी है। उनकी पत्नी श्रीमती शान्ति देवी उक्त सम्पत्ति के असल दस्तावेजात को प्राप्त करना चाहती है। यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता या एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड शाखा विज्ञान नगर कोटा के समक्ष लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद सूचना कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

संदीप जैन एडवोकेट
583-ए तलवण्डी कोटा
मो. 9829180432

न्यायालय अपर जिला एवं सैशन
न्यायाधीश छबड़ा

पीठासीन अधिकारी सुश्री प्रीति नायक, आर.एच.जे.एस.

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र,
प्रकरण संख्या 34/2022

1. कमलाबाई आयु 45 वर्ष पत्नी ओमप्रकाश,
2. मनोज आयु 27 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश,
3. नीतू आयु 23 वर्ष पुत्री ओम प्रकाश,
4. रितेश आयु 19 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश जातियान साहू निवासीगण वार्ड नंबर 1 गायत्री मंदिर के सामने छबड़ा जिला बारां (राज.) ....प्रार्थीगण

बनाम

सर्वसाधारण ..... अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र बाबत् उत्तराधिकार प्रमाण पत्र

वास्ते, सर्व साधारण,

जो कि मृतक श्री ओमप्रकाश पुत्र पन्नालाल जाति साहू निवासी वार्ड नंबर 1 गायत्री मंदिर के सामने छबड़ा तहसील छबड़ा जिला बारां (राज.) की मृत्यु दिनांक 06.06.2021 को कस्बा छबड़ा जिला बारां (राज.) में हो चुकी है। मृतक ओमप्रकाश के प्रार्थीगण विधिक उत्तराधिकारी है। इनके अलावा/अतिरिक्त अन्य कोई उत्तराधिकारी एवं नजदीकी रिश्तेदार नहीं है।

मृतक ओमप्रकाश के राजकार्य में दस्तावेज पेश करने, बैंक आयकर विभाग इत्यादि में रिटर्न फाइल करने एवं अन्य कार्य के लिए प्रार्थीगण ने उत्तराधिकार हेतु इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है।

अत: इस सूचना पत्र द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक ओमप्रकाश के राजकार्य में दस्तावेज पेश करने, बैंक आयकर विभाग इत्यादि में रिटर्न फाइल करने एवं अन्य कार्य के लिए प्रार्थीगण के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किए जाने में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, दिनांक 3.9.22 समय 10 ए.एम. पर इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश करें

दिनांक 2.8.22 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा से प्रसारित किया गया।

अपर जिला एवं सैशन
न्यायाधीश छबड़ा

शुभाशीष गीता व पीएनबी के प्रोपर्टी महोत्सव का शुभारंभ

शुभाशीष गीता व पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रोपर्टी महोत्सव का आयोजन किया गया।

कोटा, (निसं)। शुभाशीष गीता व पंजाब नैशनल बैंक द्वारा होटल ओरटस में आयोजित 2 दिवसीय 6 एवं 7 अगस्त प्रोपर्टी महोत्सव का उद्घाटन पीएनबी के मण्डल प्रमुख हनीफ मोहम्मद द्वारा किया गया।

मण्डल प्रमुख ने बताया कि बैंक द्वारा 30 सितम्बर तक स्वीकृत आवास व प्रोपर्टी ऋणों पर प्रोसेसिंग व डॉक्यूमेंटेशन शुल्क फ्री है। बैंक द्वारा आसान शर्तो पर टेक ओवर की भी सुविधा उपलबध करवाई जा सकती रही है। शुभाशीष होम्स के कार्यकारी निदेशक व सीईओ मोहित जाजू ने बाताया कि मेडिकल हब स्थित शुभाशीष गीता प्रोजेक्ट को ग्राहकों को कोटा में शानदार रिस्पोंस मिल रहा है। यह प्रोजेक्ट रिसोर्ट लाईफ स्टाईल थीम पर बेस्ड है।

ग्राहकों को यहां का खुला वातावरण, हरियाली, वर्ल्ड क्लास एमेनिटीज और रिवर थीम बेस्ट सेन्ट्रल पार्क मन भा रहा है। मोहित जाजू ने बताया कि प्रोजेक्ट को स्मार्ट प्रोजेक्ट ऑफ नॉर्थ इण्डिया 2021 के अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। प्रोजेक्ट को चार्जिग पॉइन्ट प्रोविशन स्मार्ट वाटर मीटर, स्मार्ट होम्स जैसे फीचर्स यूनिक बनाते हैं।

यह प्रोजेक्ट 9.3 एकड एरिया में स्थित है। इस अवसर पर बैंक के एमसीसी प्रमुख एवी सिंह व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

'हर घर तिरंगा' अभियान में सहभागी बन सफल बनायें'

कोटा, (निसं)। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने अपने कार्यालय में केन्द्र सरकार द्वारा 15 अगस्त, 2022 पर राष्ट्र आजादी का अमृत महोत्सव आजादी की 75वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिये कोटा दक्षिण कार्यालय पर बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा ने बैठक में उपस्थित कई सामाजिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सा संस्थाओं पदाधिकारियों उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी राकेश नायक ने इस अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा ने बैठक में उपस्थित संस्थाओं के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव मनाने जा रही है और इस अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिये सम्पूर्ण भारत में घर-घर तिरंगा अभियान का शुभारम्भ कर रही है और इस अभियान में लिए देशभर के 25 करोड़ से ज्यादा घरों में तिरंगा फहराया जाना है और तिरंगा अभियान में लोग काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस अभियान के माध्यम से भारत के प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना का संचार होगा और युवाओं में भी इससें अभियान से राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार होगा। हम सब को मिल कर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस अपील से जुड़कर आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता दिवस पर हर एक नागरिक को हर घर तिरंगा अभियान में में शामिल होना चाहिए और हर घर तिरंगा लगाना चाहिए।

विद्यार्थियों के लिए एक प्रतियोगिता शुरू की

कोटा, (निसं)। भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में रेजोनेंस की ओर से विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा डिजिटल आयोजन किया जा रहा है। रेजोनेंस ने उमंग नाम से कक्षा 3 से लेकर 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक प्रतियोगिता शुरू की है जिसमें विद्यार्थियों को देश की स्वतंत्रता एवं देशभक्ति के ऊपर अपना एक वीडियो बनाकर भेजना है जिसमें विद्यार्थी अपनी देशभक्ति को गीत, कविता, स्पीच, शायरी, नृत्य या संगीत उपकरणों पर प्रस्तुति के रूप में भेज सकते हैं वीडियो की अधिकतम अवधि 75 सेकंड से अधिक नहीं होनी चाहिएं। यह वीडियो विद्यार्थी 5 अगस्त से 13 अगस्त प्रात: 10.00 बजे तक भेज सकते हैं चयनित वीडियोज़ को रेजोनेंस के यूट्यूब चैनल पर 15 अगस्त तक प्रसारित किया जाएगा। जो विद्यार्थी जितना जल्दी वीडियो भेजेंगे।

कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर

क्रमांक:-ननिको.(उ.)/जोन प्रथम/2022/6004-6005 दिनांक: 3.8.2022

-: सार्वजनिक विज्ञप्ति :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेन्द्र कुमार लालवानी पुत्र स्व. श्री फतेहचन्द लालवानी निवासी दुकान नं. 13 पुरानी सब्जीमण्डी कोटा स्थित भूखंड क्षेत्रफल 26.66 वर्गगज का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने का आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

आवास/भूखंड दुकान नं. 13 पुरानी सब्जीमण्डी कोटा स्थित भूखंड की रजिस्ट्री दिनांक 16.06.2004 द्वारा श्री फतेहचन्द पुत्र श्री घुमडमल के पक्ष में जारी किया गया था। श्री फतेहचन्द पुत्र श्री घुमडमल ने रिलीज-डीड जरिये रजिस्ट्री दिनांक 26.04.2022 को सुरेन्द्र कुमार लालवानी पुत्र स्व. श्री फतेहचन्द लालवानी निवासी दुकान नं. 13 पुरानी सब्जीमण्डी कोटा को की गई।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखंड दुकान नं. 13 पुरानी सब्जीमण्डी कोटा स्थित उक्त भूखंड का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर

कार्यालय नगर परिषद बून्दी

क्रमांक:- स्टोर/2022-23/3516 दिनांक:-05.08.2022

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बून्दी द्वारा ऐतिहासिक कजली तीज मेला 2022 में साईकिल स्टेण्ड की निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक 10000/-रु. अमानत राशि जमा करवाकर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकता है। उक्त बोली दिनांक 12.08.2022 को अपरान्ह 3.00 बजे से 5.00 बजे तक कार्यालय में लगाई जावेगी। जिसकी प्रारम्भिक सरकारी बोली 2.80 लाख रुपये होगी। बोलीदाताओं की कोई शर्ते मान्य नहीं होगी। संवेदकों द्वारा धरोहर राशि प्रात: 9.30 से 3.00 बजे तक जमा करवानी होगी। उसके पश्चात राशि जमा नहीं की जावेगी।

आयुक्त
नगर परिषद बून्दी

खेमराज कमेटी के कार्यकाल को बढ़ाने का विरोध किया

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष रामजीलाल मीणा व महामंत्री विवेक गौड़ ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों व अन्य संवर्ग की वेतन विसंगतियों के निराकरण हेतु बनी खेमराज कमेटी के कार्यकाल को बार-बार आगे बढ़ाये जाने का विरोध करते हुए कहा है कि जिन मुद्दो का हवाला देकर कमेटी का शुक्रवार को दिसम्बर, 2022 तक कार्यकाल बढ़ाया है।

इनका कोई औचित्य ही नहीं है, ये मात्र कर्मचारियों को गुमराह करने का सरकार का तरीका है, जिसका राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ विरोध प्रकट करता है जिसका शीघ्र विरोध पत्र सरकार को सौपा जायेगा इस संबंध में प्रदेशाध्यक्ष राजसिंह चौधरी ने कड़ा ऐतराज जताते हुए सरकार को चेताया है कि सरकार मंत्रालयिक कर्मचारियों के मुख्य मुद्दों से भटक रही है।

जिसमें कनिष्ठ सहायक का वेतनमान 9840 करने, ग्रेडपे 3600 को विलोपन कर सहायक प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेडपे 4200 करते हुए अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेडपे 4800 करते हुए मुख्य संस्थापन अधिकारी का नवीन पद ग्रेडपे 7600 में स्वीकृत करते हुए पदौन्नती में एक बर्ष में दो पदोन्नति की बाध्यता को हटाया जाये एवं हाल ही में केडर रिव्यू के पश्चात स्वीकृत 8400 पदों को एकबारगी पूर्ण शिथिलता सभी पदो पर जारी करने के आदेश सहित योग्यता को स्नातक किया जावे।

जिलाध्यक्ष रामजीलाल मीणा ने कहा यदि सरकार ने समय रहते इन मांगो के आदेश जारी नहीं किये तो राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ आगामी प्रदेश कार्यकारणी की बैठक जो इसी माह के अंतिम सप्ताह में जयपुर में आयोजित होगी उसमें निर्णय लिया जाकर आंदोलन का विगुल बजाया जाएगा।

बिक्री एवं विपणन सूचना — **Hi-Power Fertilizers & Chemicals Pvt. Ltd.**

कृषि सहकारिता तथा किसान कलयाण विभाग, कृषि तथा किसान कलयाण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आदेश संख्या S.O. 2900 (E) दिनांक 24 अक्टूबर, 2015 तथा संशोधन दिनांक 30 दिसम्बर 2007 के अनुक्रम में, हम हाई-पॉवर फर्टिलाईजर्स एण्ड केमिकल्स प्रा0लि0 एतद् द्वारा अधिसूचित करते है कि हम नीचे दिए गए विनिर्धारण के अनुसार 100 प्रतिशत पानी में घुलनशील फर्टिलाईजर ग्रेडस के मिश्रण की बिक्री राजस्थान राज्य में करने के इच्छुक है।

W/V

S. No.	Name of Products	NPK 13:00:45	NPK 00:52:34	NPK 12:61:00	NPK 17:44:00	NPK 19:19:19	NPK 13:40:13	NPK 00:00:50	NPK 12:11:18	Potassium Schoenite	Calcium Nitrate	Potassium Magnesium Sulphate	Boronated Calcium Nitrate
1	Total Nitrogen Percent Minimum	13		12	17	19	13		12		14.5		13.5
2	Water Souble Phophorus P2O5 Percent Minimum		52	61	44	19	40		8				
3	Water Souble Potassium as K2O Percent Minimum	45	34			19	13	50	18	23		22	
4	Water Souble calcium as CaO Percent Minimum										18.5		17
5	Water Souble Magnesium as MgO Percent Minimum									11		18	
6	Total chloride as Cl Percent Maximum	1.5						2.5	1			2.5	
7	Matter Insoluble in Water Maximum	0.05		0.5	0.5	0.5	0.5				1.5		
8	Sodium as NaCl Percent Maximum	1	0.025	0.5		0.5	0.15	2		1.5		2	
9	Lead as Pb Percent Maximum												
10	Calcium as Cd Percent Maximum												
11	Arsenic as As Percent Maximum												
12	Water Souble Sulphur as S Percent minimum							17.5	7.5			20	
13	Water Souble Boron as B Percent minimum												0.25
14	Water Soluble Magnesium as Mg Percent minimum								1				

हाई-पॉवर फर्टिलाईजर्स एण्ड केमिकल्स प्रा0लि0
जी-465, इंडस्ट्रीयल एरिया, भिवाड़ी-301019 (राज.) कस्टमर केयर नं. 011-27678069